नवीनतम जानकारी - 10 जुलाई 2023

दुर्भाग्यवश, हमारे पूल कॉनकोर्स को पूर्वानुमान से अधिक नुकसान पहुँचा है, इसलिए अभी जो मरम्मत का काम चल रहा है उसमे दो हफ्ते अधिक लगेंगे। अनुमान है कि पूल क्षेत्र अब सोमवार 31 जुलाई 2023 को खुलेगा।

हमारी अन्य साइटों तक वैकल्पिक पहुँच की व्यवस्था, कार्य की अवधि के दौरान जारी रहेगी। हम पूल क्षेत्र को जल्द से जल्द खोलने के लिए कार्य कर रहे हैं और इन कार्यों के दौरान आपके धैर्य और समझ की सरहाना करते हैं।

यदि आप मौजूदा पास धारक हैं तो कृपया अपने विकल्पों के बारे में अधिक पढ़ने के लिए नीचे प्रासंगिक शीर्षक का चयन करें।

सदस्यता

सेवाओं का उपयोग जारी रखने के लिए क्लेटन के सदस्यों को निरंतर अवसर प्रदान करने के लिए हम अपनी अन्य साइटों पर समकक्ष सेवाओं तक अतिरिक्त पहुंच प्रदान करेंगे। मंगलवार 13 जून (राजा के जन्मदिन वाली सार्वजनिक छुट्टी के बाद के दिन) से सभी सदस्यों को सोमवार 19 जून को काम शुरू होने से पहले अन्य साइटों पर सेवाओं को आजमाने का मौका मिलेगा।

- **एक्वेटिक्स सदस्य -** सौना, स्टीम रूम और स्पा सहित मोनाश एक्वेटिक्स एंड रिक्रिएशन सेंटर में जलीय सुविधाओं तक उन्नत पहुंच।
- **ग्रुप फ़िटनेस सदस्य** - मोनाश एक्वेटिक्स और रिक्रिएशन सेंटर और ओकलिह रिक्रिएशन सेंटर में ग्रुप फ़िटनेस समय सारिणी तक उन्नत पहुंच (ओकलिह में सुधारक पिलाटीज़ को छोड़कर)

- **पूर्ण सदस्य(जिम/ग्रुप फिटनेस/एक्वेटिक्स)-** ओकलिह रिक्रिएशन सेंटर और मोनाश एक्वाटिक एंड रिक्रिएशन सेंटर तक उन्नत पहुंच। कृपया ध्यान दें कि ओकलिह में बाहरी जलीय सुविधाएं मौसमी हैं और वर्तमान में बंद हैं (ओकलिह में सुधारक पिलाटीज़ को छोड़कर)

यदि सदस्य वैकल्पिक स्थानों पर सेवाओं का उपयोग करने में असमर्थ हैं तो हम निम्नलिखित विकल्प प्रदान कर सकते हैं:

- **स्थानांतरण** - क्लेटन एक्वेटिक्स और हेल्थ क्लब(यानी एक्वेटिक्स सदस्यता से जिम सदस्यता)में शेष सेवाओं का उपयोग जारी रखने के लिए कार्यों की अवधि के दौरान आपकी सदस्यता को एक वैकल्पिक सेवा में **स्थानांतरित** कर सकते हैं। कृपया हमारी दोस्ताना मेंबरशिप टीम के साथ स्थानांतरण पूरा करने के लिए समय की व्यवस्था करने के लिए रिसेप्शन से मिलें।

- **निलंबन** - आपकी सदस्यता निलंबित की जा सकती है यदि आप वैकल्पिक सुविधाएं प्रयोग करने में असमर्थ हैं,सदस्यों का काम की अवधि के दौरान उनकी सदस्यता को निलंबित करने के लिए स्वागत है। निलंबन अनुरोध सबमिट करने के लिए कृपया 'Manage My Membership'(मेरी सदस्यता प्रबंधित करें) पर जाएं या जब आप अगली बार आएं तो अधिक जानकारी के लिए रिसेप्शन से मिलें।

मल्टी-विजिट पास (अधिक बार आने के लिए पास)

सभी वैध क्लेटन मल्टी-विजिट पास की समाप्ति तिथि कार्य के आरंभ होने पर 4 सप्ताह तक बढ़ा दी जाएगी। इसमें एक्वेटिक्स और ग्रुप फिटनेस पास शामिल हैं।

- **एक्वेटिक्स मल्टी-विज़िट पास -** मोनाश एक्वेटिक्स और रिक्रिएशन सेंटर में एक्वेटिक्स सुविधाओं तक उन्नत पहुंच

- **ग्रुप फ़िटनेस मल्टी-विज़िट पास -** मोनाश एक्वेटिक्स और रिक्रिएशन सेंटर और ओकलिह रिक्रिएशन सेंटर (ओकलिह में सुधारक पिलाटीज़ को छोड़कर)में ग्रुप फ़िटनेस समय सारिणी तक उन्नत पहुंच

तैरना सीखें

अपडेट (नवीनतम जानकारी) - 10 जुलाई 2023

क्लेटन एक्वेटिक्स और हेल्थ क्लब के टर्म 3 का मिंकी स्विम स्कूल कार्यक्रम 9 हफ्तों के लिए सोमवार, 31 जुलाई 2023 से शुरू होगा।

CAHC के छात्रों को मोनाश एक्वेटिक्स एंड रिक्रिएशन सेंटर तक निःशुल्क पहुंच दी जाएगी और उन्हें टर्म 3 से पहले अपने कौशल का अभ्यास जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

मिंकी स्विम स्कूल टर्म प्रोग्राम में क्लेटन एक्वेटिक्स और हेल्थ क्लब द्वारा फेर बदल

- **टर्म 3** के पाठ सोमवार 31 जुलाई 2023 से शुरू होंगे।
- **टर्म 3** रविवार 1 अक्टूबर को समाप्त होगा, सप्ताह 8 और 9, सितंबर में स्कूल अवकाश वाले पखवाड़े के दौरान आयोजित किए जाएंगे।
- **टर्म 4** सोमवार 2 अक्टूबर 2023 से शुरू होगा।
- पूरे कार्य के दौरान प्रत्येक पखवाड़े में होने वाले पाठों की संख्या के हिसाब से **सीधे डेबिट होने वाली भुगतानों** में बदलाव कर दिया जाएगा।

यदि आपको अपनी व्यक्तिगत परिस्थितियों पर बात करने की आवश्यकता है, तो कृपया activemonash@monash.vic.gov.au से संपर्क करें या जब आप अगली बार आएं तो रिसेप्शन से मिलें।